# जिले के तीन निशानेबाजों ने बढ़ाया पुलिस का गौरव

## गोरखपुर जोन की टीम से खेलकर शूटिंग प्रतियोगिता में हासिल की उपलब्धि

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** 51वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक शूटिंग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में जिले के तीन आरक्षियों ने शानदार प्रदर्शन कर बलरामपुर पुलिस का गौरव बढ़ाया। गोरखपुर जोन की टीम से प्रतिभाग करते हुए आरक्षी रितेश सिंह, सारंग कनौजिया और सुदीप ने विभिन्न शूटिंग स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में 18 से 24 अगस्त तक हुआ। एयर राइफल 10 मीटर पुरुष टीम स्पर्धा में रितेश सिंह और सारंग कनौजिया ने गोरखपुर जोन की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं, स्टैंडर्ड पिस्टल 25 मीटर टीम स्पर्धा में रितेश सिंह, सारंग कनौजिया और सुदीप की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने तीनों आरक्षियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसपी ने आरक्षियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन से किए गए प्रदर्शन पर पूरे पुलिस परिवार को गर्व है। उन्होंने भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।



पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित। विभाग